# जिले के विकास में जुड़ेगा मेडिकल उपकरण निर्माण का अध्याय

## कई कंपनियां निवेश के लिए कर चुकी हैं हस्ताक्षर, रेडीमेड गारमेंट, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्माण में भी आगे है जिला

रणजीत मिश्रा



**470**

फीसदी की बढ़ोतरी हुई जिले में निवेश में 2018-19 से 2022-23 के दौरान

> “इस परियोजना से 2026 के अंत तक 10,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। यह परियोजना गौतमबुद्ध नगर को उत्तर भारत का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएगी। यह भी दावा किया जा रहा है कि इस पहल से नोएडा को वैश्विक मेडिकल डिवाइस उद्योग में एक नया मुकाम दिलाएगी।
>
> -अनिल कुमार, उपायुक्त (उद्योग), गौतमबुद्ध नगर

**नोएडा।** मेडिकल डिवाइस निर्माण के क्षेत्र में अपना जिला तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेडिकेयर सेंटर लिमिटेड, पॉली मेडिक्योर लिमिटेड, टीआई मेडिकल प्रा.लि. समेत कई कंपनियों ने गौतमबुद्ध नगर में निवेश की इच्छा जताई है और समझौते भी किए हैं। इन कंपनियों के उत्पादन शुरू करने के साथ ही गौतमबुद्ध नगर के औद्योगिक विकास में नया अध्याय मेडिकल उत्पाद भी जुड़ जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर रेडीमेड गारमेंट्स और मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्माण में काफी आगे है, अब मेडिकल डिवाइस निर्माण के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। कई मेडिकल उपकरण निर्माता कंपनियों के यहां आने से न केवल क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि होगी, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गौतमबुद्ध नगर ने औद्योगिक निवेश में उल्लेखनीय प्रगति की है। साल 2022-23 में जिले में औद्योगिक निवेश 7,850 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2018-19 में 1,380 करोड़ रुपये था। यह वृद्धि करीब 470 प्रतिशत के आसपास की है। जिले के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित की जा रही है।

इसके लिए करीब 350 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इससे करीब 200 एकड़ पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस पार्क में 15 से अधिक कंपनियों ने निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिनमें से कई ने हाल ही में समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि इन कंपनियों में वैश्विक स्तर की मेडिकल डिवाइस निर्माता शामिल हैं, जो हृदय रोग उपचार उपकरण, डायग्नोस्टिक मशीनें और सर्जिकल उपकरणों का उत्पादन करेंगी।